श्री मिथिलेश तिवारी, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त निवेदन संख्या 614/2026 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र0 सं0 | निवेदन सं0–614/2026 | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1 | गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड अन्तर्गत रेवतिथ पंचायत के वार्ड नं0–1 में नदी पर पुल, वार्ड नं0–3 में इंण्डियन गैस एजेन्सी के पास पुल एवं वार्ड नं0–2 में श्री तारक सिंह के घर के पास पुल, वार्ड नं0–10 में रेवतिथ–सिसई सड़क पर नहर के पहले पुल, सिधवलिया प्रखंड के मुहम्मदपुर पंचायत के वार्ड नं0–10 में टेकनवास छठ घाट के पास और श्री संजय राम के घर के पास नहर पर पुल तथा बरौली प्रखंड के खजूरिया पंचायत के वार्ड नं0–5 में श्री नन्दलाल यादव के घर के पास नहर पर पुल निर्माण कराने हेतु मैं सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि :–<br>• गोपालगंज जिला अन्तर्गत प्रश्नगत स्थल बैकुण्ठपुर प्रखंड के रेवतीथ पंचायत के वार्ड संख्या–01 में नदी पर पुल निर्माण का है जो जल संसाधन विभाग से सम्बंधित नहीं है।<br>• बैकुण्ठपुर प्रखंड अन्तर्गत रेवतीथ पंचायत के वार्ड संख्या–03 में इंण्डियन गैस एजेन्सी के पास सिधवलिया वितरणी में Hume Pipe डालकर ग्रामीणों द्वारा अस्थायी रूप से आवागमन की व्यवस्था की गयी है। मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अधियाचित स्थल पर Hume Pipe Culvert का निर्माण कराये जाने पर ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। जिसके आलोक में उक्त स्थल पर Hume Pipe Culvert के निर्माण हेतु तकनीकी तकनीकी संभाव्यता सहित प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान को निदेशित किया जा रहा है।<br>• बैकुण्ठपुर प्रखंड अन्तर्गत रेवतीथ पंचायत के वार्ड संख्या–02 में श्री तारक सिंह के घर के पास खांड/नाला के ऊपर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पुल अवस्थित है जो जल संसाधन विभाग से सम्बंधित नहीं है।<br>• बैकुण्ठपुर प्रखंड अन्तर्गत रेवतीथ पंचायत के वार्ड संख्या–10 में रेवतीथ–सिंसई सड़क पर नहर के पहले अधियाचित पुल हकाम माईनर के कि०मी० 2.90 पर है। माईनर के दुसरे किनारे पर लगभग 200 मीटर पर स्कुल अवस्थित है जहां गाँव के बच्चे नहर पार कर स्कुल जाते हैं। मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अधियाचित स्थल पर Hume Pipe Culvert का निर्माण कराया जा सकता है। जिसके आलोक में उक्त स्थल पर Hume Pipe Culvert के निर्माण हेतु तकनीकी संभाव्यता सहित प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान को निदेशित किया जा रहा है।<br>• सिधवलिया प्रखंड के महम्मदपुर पंचायत वार्ड संख्या–10 टेकनिवास छठघाट के पास अधियाचित पुल का स्थल बहदुरा उप वितरणी के कि०मी० 3.05 पर है मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अधियाचित स्थल पर Hume Pipe Culvert का निर्माण कराया जा सकता है। जिसके आलोक में उक्त स्थल पर Hume Pipe Culvert के निर्माण हेतु तकनीकी संभाव्यता सहित प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन सिवान को निदेशित किया जा रहा है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • सिधवलिया प्रखंड के महम्मदपुर पंचायत वार्ड संख्या–10 में श्री संजय राम के घर के पास अधियाचित पुल का स्थल बहदुरा उप वितरणी के कि०मी० 2.44 पर है। श्री संजय राम के घर के पास पूर्व से पूल निर्मित है जिसका वहां के लोगों के द्वारा आवागमन हेतु उपयोग किया जाता है।<br>• बरौली प्रखंड के खजुरिया पंचायत के वार्ड संख्या–05 में श्री नन्दलाल यादव के घर के पास नहर पर पुल निर्माण के निवेदन के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति यह है कि अधियाचित पुल खांड/नाला के ऊपर निर्माण का है जो जल संसाधन विभाग से सम्बंधित नहीं है।<br>• नदी, खांड/नाला के ऊपर पुल निर्माण का मामला जल संसाधन विभाग से सम्बंधित नहीं होने की स्थिति में सम्बंधित मामले को ग्रामीण कार्य विभाग/पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। |

## बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(सि0)–03–17/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–869 दिनांक–04.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–614/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(सि0)–03–17/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(सि0)–03–17/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(सि0)–03–17/2026– 3018 पटना, दिनांक– 13/07/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.07.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
10.7.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo